शमा भाटे

अकादेमी पुरस्कारः कथक

SHAMA BHATE

Akademi Award: Kathak

कर्नाटक के बेलगाम में 6 अक्टूबर 1950 को जन्मी, श्रीमती शमा भाटे प्रसिद्ध नृत्यांगना और गुरु हैं। आपने रोहिणी भाटे, बिरजू महाराज और मोहनराव कल्याणपुरकर जैसे गुरुओं के संरक्षण में कथक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने सुरेश तलवलकर के मार्गदर्शन में लय ताल और संगीत की शिक्षा ली है।

श्रीमती शमा भाटे को पुणे के सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय के ललित कला केन्द्र में मानद गुरु के रूप में नियुक्त किया गया था, और आप नालंदा नृत्य अनुसंधान केन्द्र, मुंबई के कथक विभाग में विजिटिंग प्रोफेसर भी रही हैं। आपने देश में आयोजित प्रमुख नृत्य समारोहों में प्रस्तुतियाँ दी है। साथ ही विदेशों में भी बड़े पैमाने पर प्रस्तुतियाँ की है। कोरियोग्राफर के रूप में आपने 25 से अधिक पारम्परिक रचनाओं और 20 से अधिक नवीन रचनाओं की कोरियोग्राफी की है, जिनमें आपने भिन्न कला माध्यमों का उपयोग किया है और इस प्रकार पेंटिंग, फिल्म, थिएटर, विश्व संगीत और साहित्य के साथ अंतरानुशासनात्मक कार्य किए हैं। आपने अमेरिका, कनाडा, दक्षिण कोरिया, इटली, जर्मनी आदि देशों में आयोजित संगोष्ठियों और कार्यशालाओं में भाग लिया है।

आपको कथक नृत्य में योगदान के लिए बहुत सी उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें महाराष्ट्र सरकार द्वारा दिया गया महाराष्ट्र राज्य पुरस्कार (2011); बुंदेली गौरव (2018); और पुणे नगर निगम द्वारा प्रदान किया गया रोहिणी भाटे पुरस्कार (2018) प्रमुख हैं।

श्रीमती शमा भाटे को कथक नृत्य में योगदान के लिए वर्ष 2021 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 6 October 1950 in Belgaum, Karnataka, Shrimati Shama Bhate is a renowned dancer and Guru. She trained in Kathak under Rohini Bhate, Birju Maharaj and Mohanrao Kallianpurkar. She also received training in Laya Tala and music under Suresh Talwalkar.

Shrimati Shama Bhate had an honorary appointment as Guru in Lalit Kala Kendra, Savitribai Phule University of Pune, and has been a visiting professor at the Kathak Department at Nalanda Dance Research Centre, Mumbai. She has performed at major festivals in India and performed extensively with world music as well. As a choreographer she has created more than 25 traditional compositions and more than 20 innovative choreographies incorporating different art media – interdisciplinary work with painting, film, theatre, world music, and literature. She has attended seminars and workshops in India and abroad such as in U.S.A., Canada, South Korea, Italy, Germany, etc.

Among the titles and honours conferred to her, the prominent ones are the Maharashtra Rajya Puruskar by the Maharashtra State Government in 2011; Bundeli Gaurav (2018); and the Rohini Bhate Puruskar conferred by the Pune Municipal Corporation in 2018.

Shrimati Shama Bhate receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2021 for her contribution to Kathak dance.